संख्या-33/2019/582/क0नि0प्र0/26-3-2019-18(109)/2018

प्रेषक

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

निदेशक,
समाज कल्याण,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

समाज कल्याण विभाग लखनऊ: दिनांक: 26 जून 2019
कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ

विषय: केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना(पी0एम0ए0जी0वाई0) के अन्तर्गत धनराशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2019-20

महोदय

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के पत्र संख्या-528/मू0अनु0/पी0एम0ए0जी0वाई0/2019-20 दिनांक 14-06-2019 के संदर्भ में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना(पी0एम0ए0जी0वाई0) के क्रियान्वयन हेतु राज्य जिला एवं गांव स्तर पर प्रशासनिक और अन्य व्यय आदि हेतु रू0 1,00,00,000/- (रू0 एक करोड़ मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

2- उपर्युक्त धनराशि आप द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित बीजक के माध्यम से प्रबन्ध निदेशक,उ0प्र0अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा आहरित कर नियमानुसार व्यय की जायेगी तथा व्यय की गयी धनराशि का मदवार विवरण शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

3- प्रश्नगत धनराशि किसी भी दशा में सावधि जमा के रूप में नहीं रखी जायेगी। उक्त अनुदान के उपभोग पर वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के अध्याय-16-ए के नियम लागू होगें। इस आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4- उपर्युक्त धनराशि शासन द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में निर्धारित नियमों के अनुसार व्यय की जायेगी। स्वीकृत धनराशि से

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

अधिक व्यय किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा इसके लिए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगें।

5- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत आवंटित धनराशि का व्यय-विवरण निगम मुख्यालय पर अन्य योजनाओं से पृथक रखा जायेगा।

6- उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-083 समाज कल्याण विभाग (अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना) के लेखाशीर्षक-"4515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें-0103-प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (के.100/रा.0-के.)-24-वृहद निर्माण कार्य" के नामें डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या–1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019 दिनांक 22 मार्च,2019 में निहित व्यवस्था के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी
अनु सचिव।

<u>पृ0संख्या-33/2019/ 582 (1)/क.नि.प्र./26-3-2019 तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार,लेखा प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रबन्ध निदेशक,उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, महानगर, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी कैसरबाग,लखनऊ।
4- वित्त(व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-4/वित्त संसाधन(वित्त आयोग एवं केन्द्रीय सहायता) अनुभाग,उ0प्र0 शासन।
5- बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।